बसंत कुंज में अपराध

2384. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1998 में वसंत कुंज, नई दिल्ली में डाके, चोरी, हत्या, हिंसा और अपहरण की कितनी वारदातें हुई और उनका ब्यौरा क्या है ये वारदातें किस-किस सैक्टर एंव ब्लॉक में हुई हैं,

(ख) सरकार द्वारा इस सबंधं में क्या कार्रवाई की गई है, और

(ग) क्या सरकार ने दिल्ली में विशेष पुलिस बल तैनात करने के लिए कोई प्रयास किये हैं, यदि हां तो, कौन –कौन से इलाकों में यह प्रबन्ध किया है और कब से?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) 1998 के दौरान वसंत कुंज से डकैती, हत्या, हिंसा (दंगा) और अपहरण संबंधी कोई घअना सूचित नहीं की गई। इसी अवधि के दौरान उस क्षेत्र से सूचित चोरियों की संख्या और ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

(ख) बसंत कुंज क्षेत्र में अपराध संबंधी घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली द्वारा किए गए उपायों में सम्मिलित है, चौबीस घंटे दो पिकिटों और सात रात्रि पिकिटों की स्थापना करना, अजनबियों की चैकिगं करना और गश्त प्रणाली को गहन करना।

(ग) दिल्ली पुलिस ने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने हेतु बंसत कुंज और कपासहेड़ा पुलिस स्टेशनों, के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्र में जनवरी, 1999 के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए।

विवरण

सेक्टर	पॉकेट	सूचित किए मामलें	रद्द किए गए मामले	स्वीकार किए गए मामले	सुलझाए गए मामले	गिरफ्तार किए गए व्यक्ति
ए	A	-	-	-	-	-
	B	9	-	9	2	2
	C	13	-	-	-	-
	1	10	2	8	1	1
	2	3	1	2	-	-
	3	-	-	-	-	-
	4	-	-	-	-	-
बी	5 एण्ड 6	8	1	7	1	1
	7	7	-	7	2	1
	8	2	-	2	-	-
	9	12	1	11	-	-
	10	10	-	10	1	2
	11	8	-	8	2	2
	1	12	1	11	1	2
	2	11	-	11	2	3
	3	1	-	1	-	-
	4	3	-	3	-	-
सी	5	1	-	1	-	-
	6	6	-	6	2	2
	7	-	-	-	-	-
	8	21	-	21	3	5
	9	7	-	7	-	-
	1	14	-	14	-	-
	2	16	-	16	2	2
	3	12	-	12	1	1
डी	4	5	1	4	1	1
	7	5	-	5	-	-
	8	-	-	-	-	-